कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2016/ 3192 लखनऊःदिनांकः 09 नवम्बर 2016

# **CPAT 2016** के माध्यम से चयनित छात्रों की बी0ए0एम0एस0, बी0एच0एम0एस0 तथा बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम की सीटों हेतु द्वितीय चक्र की काउसिलिंग की समय सारणी

| काउंसिलिंग स्थल का नाम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Tele Medicine Center, S.G.P.G.I., Raibareily Road, Lucknow. | | | Tel- 0522- 2495235 | |
| क.सं. | आमंत्रित अभ्यर्थी<br>स्टेट रैंक (ओवर आल रैंक) | प्रमाण पत्रों के सत्यापन का दिनांक एवं पंजीकरण तिथि (समय प्रातः 10.00 बजे से) | काउंसिलिंग की तिथि | अर्हता संबंधी विवरण |
| 1 | 1- **CPAT 2016** के अन्तर्गत :–<br>➢ अनारक्षित/General श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले EA, FF, NCC, PH उपश्रेणी के सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी<br>➢ OBC श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले EA, FF, NCC, PH उपश्रेणी के सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी<br>➢ SC श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले OP, GL, EA, FF, NCC, PH उपश्रेणी के सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी<br>➢ ST श्रेणी के OP, GL श्रेणी के सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी<br>2- CPAT 2016 के अन्तर्गत स्टेट रैंक 01 से 500 तक के अन्तर्गत आने वाले सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी | 15.11.2016 (मंगलवार) (अपरान्ह 2:00 बजे तक) | 15.11.2016 (मंगलवार) (अपरान्ह 2:00 बजे के बाद) | 1– अनारक्षित (सामान्य) श्रेणी के अभ्यर्थियों को अर्हता परीक्षा में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी में औसत 50 प्रतिशत तथा अ.पि.वर्ग, अनुसूचित जाति तथा अनु.जन.जाति के अभ्यर्थियों को 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।<br><br>2– बी.यू.एम.एस. में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा में उर्दू विषय मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | सी0पी0ए0टी0 2016 के अन्तर्गत स्टेट रैंक–501 से 3000 के अन्तर्गत आने वाले सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी | 15.11.2016 (मंगलवार) (अपरान्ह 2:00 बजे के बाद) | 16.11.2016 (बुधवार) (प्रातः 10:00 बजे से) | |
| 3. | सी0पी0ए0टी0 2016 के अन्तर्गत स्टेट रैंक–3001 से 7000 के अन्तर्गत आने वाले आने वाले सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी | 16.11.2016 (बुधवार) (प्रातः 10:00 बजे से) | 17.11.2016 (गुरूवार) (प्रातः 10:00 बजे से) | |
| 3 | सी0पी0ए0टी0 2016 के अन्तर्गत स्टेट रैंक–रैंक 7001 से आगे के सभी इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थी जिन्होंनें सी0पी0ए0टी0 –2016 की परीक्षा में भाग लिया हो। | 17.11.2016 (गुरूवार) (प्रातः 10:00 बजे से) | 18.11.2016 (शुक्रवार) (प्रातः 10:00 बजे से) | |

( **Gen** -सामान्य (अनारक्षित), **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग, **SC**-अनुसूचित जाति, **ST**- अनुसूचित जनजाति, **FF**- स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी, **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित, **PH**-विकलांग श्रेणी, **NCC**–एन0सी0सी0, **GL**–महिला )

(आज दिनांक 09.11.2016 तक राजकीय क्षेत्र के कालेजों में बी0ए0एम0एस0 पाठ्यक्रम में **Horizontal Category** (उपश्रेणी) के अन्तर्गत कुल 06 सीटें **(Gen-PH-03, OBC-FF-1, OBC-PH-1** तथा **SC-PH-1)**, बी0एच0एम0एस0 पाठ्यक्रम में **Horizontal Category** (उपश्रेणी) के अन्तर्गत कुल 04 सीटें **(Gen-PH-01, Gen-EA-1, OBC-PH-1** तथा **SC-PH-1)** तथा बी0यू0एम0एस0 पाठ्यक्रम में **Horizontal Category** (उपश्रेणी) के अन्तर्गत **Gen-FF-**की कुल 01 सीट उपलब्ध हैं। अन्य श्रेणियों की उपश्रेणियों में आज दिनांक तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। काउंसिलिंग तिथि तक सीटों की संख्या/उपलब्धता में परिवर्तन हो सकता है। द्वितीय काउंसिलिंग हेतु उपलब्ध सीटों की अद्यावधिक जानकारी वेबसाइट **www.updgme.in** पर उपलब्ध कराई जायेगी।

## अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश

1. काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।
2. राजकीय महाविद्यालयों में श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।
3. निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों में समस्त सीटें ओपन (अनारक्षित) श्रेणी की होगी।
4. काउंसिलिंग निर्धारित तिथियों में रात्रि 8:00 बजे तक ही सम्पन्न की जायेगी। यदि आमंत्रित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग निर्धारित तिथियों में सम्पन्न नहीं हो पाती है, ऐसी दशा में शेष अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग अगले दिन उसी मेरिट कम से प्रारम्भ की जायेगी, जहॉ पूर्व दिवस को समाप्त हुई थी। अतः अभ्यर्थी अपनी काउंसिलिंग तिथि से एक दिन का अतिरिक्त समय लेकर ठहरने की व्यवस्था के साथ उपस्थित हों।

5. सी0पी0ए0टी0–2016 की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग हेतु काउंसिलिंग पंजीकरण फीस 500/– रुपये (पॉच सौ रुपये मात्र) होगी, जो Non Refundable है।
6. सी0पी0ए0टी0–2016 की द्वितीय काउंसिलिंग हेतु राजकीय कालेजों हेतु धरोहर धनराशि रूपया–5,000/–(रूपये पांच हजार मात्र) एवं निजी क्षेत्र के कालेजों हेतु रूपया–20,000/–(रूपये बीस हजार मात्र) जमा किया जाना है, काउंसिलिंग पंजीकरण फीस (500/–) तथा यथोचित धरोहर धनराशि (रुपये 5,000/– अथवा 20.,000/–) किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में डिमांड ड्राफ्ट के रुप में ही जमा होगी, जो "Director General Medical Education & Training, Lucknow" के नाम देय हो। काउंसिलिंग केन्द्र पर पंजीकरण शुल्क तथा धरोहर धनराशि किसी भी दशा में नकद जमा नहीं की जायेगी।
7. ऐसे छात्र, जिनके द्वारा सी0पी0ए0टी0 2016 की प्रथम काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटन के पश्चात संबंधित कालेजों में शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर लिया है, उन्हे धरोहर धनराशि जमा नहीं करनी है।
8. अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/–(रूपए पॉच हजार मात्र) एवं रू0 20000/–(रूपए बीस हजार मात्र) की वापसी वर्ष 2016 की समस्त काउंसिलिंग प्रकिया सम्पन्न होने के पश्चात ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से उनके बैंक खातों में की जाएगी। जिसके लिए अलग से निर्देश जारी किये जायेगे।
9. काउसिंलिंग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा website www.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।
10. सी0पी0ए0टी0 2016 की प्रथम काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्रों को संबंधित कालेजों के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र द्वितीय काउंसिलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. अन्य छात्रों को काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष की अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र, यथावश्यक आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र तथा सामान्य/मूल निवास प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं CPAT 2016 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 02 प्रतियां, CPAT 2016 का प्रवेश पत्र मूल रूप में, CPAT 2016 की मार्कशीट की प्रति साथ लाना आवश्यक है। अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो दिनांक 31 मार्च 2016 के बाद का बना हो, तथा जिसमें क्रीमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, तथा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
12. अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

महानिदेशक